उत्तर प्रदेश शासन
महिला एवं बाल विकास अनुभाग–3,
संख्या– 396 /साठ–3–14–13(41)/13
लखनऊ:: दिनांक:: 15 जुलाई, 2014

कार्यालय आदेश

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन के अन्तर्गत शत–प्रतिशत वित्त पोषित पूर्ण शक्ति केन्द का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्वेश्य महिला एवं बालिकाओं का सर्वांगीण विकास करना है। योजना के अन्तर्गत महिलाओं के लिए बुनियादी स्तर पर किये जाने वाले कार्यो एवं उनके हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का वास्तविक मूल्याकंन करना भी है। योजना के सफल संचालन हेतु एतद्द्वारा निम्नवत् अनुश्रवण समिति का गठन किया जाता है:–

(1) प्रमुख सचिव/सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग,उ0प्र0 शासन। अध्यक्ष
(2) उप सचिव/अनुसचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग,उ0प्र0 शासन। सदस्य
(3) निदेशक, महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश,लखनऊ। सदस्य
(4) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 महिला कल्याण निगम, लखनऊ। सदस्य
(5) महाप्रबन्धक, उ0प्र0 महिला कल्याण निगम, लखनऊ। सदस्य–संयोजक

2– राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन के अन्तर्गत स्थापित होने वाली जनपदीय/ब्लाक स्तरीय/ग्रामस्तरीय पूर्ण शक्ति केन्द्रों के वित्तीय/प्रशासनिक संचालन का दायित्व उ0प्र0 महिला कल्याण निगम द्वारा किया जायेगा।

3– उ0प्र0 महिला कल्याण निगम द्वारा पूर्ण शक्ति केन्द्र के संचालन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देश व समय–समय पर निर्गत आदेशों के अन्तर्गत किया जायेगा। उ0प्र0 महिला कल्याण निगम द्वारा पूर्ण शक्ति केन्द्र के संचालन के संबंध में हुई प्रगति से समय–समय पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार को प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये।

उक्त आदेशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाये।

रेणुका कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या–396(1)/साठ–3–14–तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–
1– सचिव, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।

d.dutt.uo-2014

2– अधिशाषी निदेशक, राष्ट्रीय महिला सशक्तीकरण मिशन, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।

3– निदेशक, महिला कल्याण,उ0प्र0, लखनऊ।

4– सम्बन्धित जिलाधिकारी।

5– प्रबन्ध निदेशक,उ0प्र0 महिला कल्याण निगम, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को अपने स्तर से भी सूचित कराने का कष्ट करें।

6– मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, निदेशालय महिला कल्याण।

7– महाप्रबन्धक, उ0प्र0 महिला कल्याण निगम, लखनऊ।

8– नामित समस्त सदस्यगण।

9– वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग 3

10– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(नन्दलाल प्रसाद)
उप सचिव।

d.dutt.uo-2014